माथापच्ची



- मेरे पड़ोस में अलग-अलग ऊँचाई की चार लड़कियाँ रहती हैं। चारों की औसत ऊँचाई लगभग 74 इंच है। दूसरी लड़की पहली से दो इंच ऊँची है और तीसरी दूसरी से दो इंच ऊँची है। चौथी सबसे ऊँची है। तीसरी व चौथी लड़की की ऊँचाई में 6 इंच का फर्क है। इन लड़कियों की अलग-अलग ऊँचाई कितनी है?

- मदुरा के चाचा ने अपनी सम्पत्ति का बँटवारा कुछ इस तरह किया कि उनकी बेटी को बेटे से तीन गुना अधिक और बेटे को माँ से दुगुनी सम्पत्ति मिले। तुम्हें बताना है कि मदुरा की चाची को कुल कितनी सम्पत्ति मिली जबकि चाचा की कुल सम्पत्ति 1,10,000 थी।

- एक बर्तन में पहले दिन केवल 1 बैक्टीरिया था। बैक्टीरिया की यह खासियत होती है कि वे बड़ी तेज़ी से बढ़ते हैं। दूसरे दिन बर्तन में 2 बैक्टीरिया थे और इस तरह हर दिन बैक्टीरिया अपनी संख्या से दुगुने हो जाते हैं। यदि 10वें दिन बर्तन पूरी तरह बैक्टीरिया से भर जाए तो बताओ कि आधा बर्तन भरने में कितना समय लगेगा?

- क्या तुम एक ऐसी संख्या बता सकते हो जो अपने अंकों के जोड़ से तीन गुनी अधिक हो?

- एक बार मैं बस में अपना कुछ सामान भूल गई। मैंने बस कम्पनी में जाकर पता किया तो उन्होंने बस नम्बर पूछा। मुझे बस का नम्बर तो याद नहीं था पर इतना याद था कि बस नम्बर की यह खासियत थी कि नम्बर पूर्ण वर्ग था और यदि प्लेट को उलटकर लगा दे तो भी नम्बर पूर्ण वर्ग था। कम्पनी वालों ने बताया कि उनके पास 1 से लेकर 500 नम्बर की बसें हैं। और इसी से मैंने बस का नम्बर पता कर लिया। क्या तुम बता सकते हो बस का नम्बर क्या था?